*Total number of printed pages–4*

**1 (Sem – 2/FYUGP) HIN 21 MN/(A)**

**2026**

**HINDI**

( Minor )

**SET–A**

Paper : HIN4200104MN

( हिन्दी व्याकरण )

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

## SET–A

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'मित्रता' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय को लिखिए।

(ख) 'वह पढ़ रहा है।' में 'रहा है' किस काल का द्योतक है?

(ग) हिन्दी में सामान्य पदक्रम क्या होता है?

(घ) 'अंधकार' का विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए :

धोबा, लड़की

(च) कर्ता कारक के कारकचिह्न बताते हुए उसे वाक्य में प्रयुक्त कीजिए।

(छ) 'रीता फल खाती है।'—को निषेधात्मक वाक्य में बदलिए।

(ज) 'सोना' शब्द के *दो* अर्थ बताइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं छः* के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) स्वर संधि क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) पद-विभाग किसे कहते हैं? हिन्दी के प्रमुख पदों के नाम लिखिए।

(ग) सरल और मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) एकार्थक शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

(ङ) क्रिया-रूप-रचना से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(च) तत्पुरुष और बहुव्रीहि समास में अंतर दर्शाइए।

(छ) क्रिया किसे कहते हैं? सकर्मक और अकर्मक क्रिया को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ज) कारक की परिभाषा देकर करण कारक और अपादान कारक के प्रयोग की उपयोगिता लिखिए।

(झ) वाक्य परिवर्तन से क्या अभिप्राय है? *एक* उदाहरण दीजिए।

(ञ) 'जो कभी न मरे' तथा 'जो सब जगह हो' के लिए एक-एक शब्द लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) उपसर्ग और प्रत्यय की परिभाषा देकर शब्द निर्माण में उनके महत्त्व को उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) सर्वनाम किसे कहते हैं? सर्वनाम के भेदों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(ग) पदक्रम और अन्वय की संकल्पना स्पष्ट करते हुए हिन्दी में उनके महत्त्व का वर्णन कीजिए।

(घ) वाक्य परिवर्तन क्या है? कथनात्मक, प्रश्नवाचक और निषेधात्मक वाक्य में परिवर्तन के उदाहरण दीजिए।

(ङ) अनेक अर्थों के लिए एक शब्द की संकल्पना स्पष्ट कीजिए तथा *पाँच* उदाहरण दीजिए।

(च) वाक्य शुद्धि से आप क्या समझते हैं ? गलत वाक्यों को सही करने के नियमों का उल्लेख कीजिए।

(छ) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** अर्थ बताकर उस अर्थानुसार ही वाक्यों में उनका प्रयोग करें :

तीर, उत्तर, पत्र, हार, कनक

(ज) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

झरना, धवल, युद्ध, विभोर, प्रज्ञा

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) लिंग और वचन की रूप प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए तथा हिन्दी में उनके परिवर्तन के नियमों का उल्लेख कीजिए।

(ख) कारक-व्यवस्था क्या है ? हिन्दी के आठों कारकों के बारे में एक विस्तृत आलोकपात कीजिए।

(ग) वाक्य की संकल्पना स्पष्ट करते हुए अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकारों का एक निबंधात्मक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(घ) एकार्थक और अनेकार्थक शब्दों में अंतर स्पष्ट करते हुए उदाहरणों द्वारा दोनों की तुलनात्मक समीक्षा कीजिए।

(ङ) विपरीतार्थक शब्द से आशय क्या है ? विपरीतार्थक शब्दों के माध्यम से भाषा में विरोधाभास और संतुलन की अभिव्यक्ति पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

---